आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.11.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
2. जनजातीय गौरव दिवस पर उपराज्यपाल ने जनजातीय समुदाय को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए।
3. उद्योग निदेशालय की ओर से हैडो जेट्टी के यात्री प्रतीक्षा कक्ष में अंडमान निकोबार एम्पोरियम सागरिका आउटलेट स्थापित किया गया है।
4. अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से 'अंडमान निकोबार स्टेट रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पन्द्रह नवंबर दो हजार इक्कीस को जनजातीय गौरव दिवस शुरू होने के बाद से यह दिवस राष्ट्रीय उत्सव बन गया है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था जब देश के पर्व और दिवस विदेशी दृष्टिकोण से जाने जाते थे लेकिन अब भारत स्वाभिमान की भावना के साथ अपनी विरासत, अपने इतिहास और अपने नायकों को याद करता है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय चेतना में महत्वपूर्ण

बदलाव का परिचायक है। श्री मोदी ने कहा कि देश आज अपने आदिवासी नायक–नायिकाओं को स्मरण कर रहा है।

बाईट–जनजातीय दिवस–34 से0

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही है जो लंबे समय से विकास की दौड़ में पिछड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि देश में एक सौ आकांक्षी जिलों और पांच सौ आकांक्षी विकास खंडों के लिए विशेष अभियान शुरू किए गए है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि धन धान्य योजना के अंतर्गत कृषि क्षेत्र में सबसे पिछड़े एक सौ जिलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बाईट–पीएम–38 से0

समारोह के दौरान प्रधानमंत्री ने करीब तीन हज़ार करोड़ रूपये की 246 विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास किया। इसके अलावा, श्री मोदी ने 173 परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। इनमें जनजातीय विद्यार्थियों के लिए 38 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान–पीएम जनमन के अंतर्गत 100 बहुउद्देशीय केंद्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने 19 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों और 12 जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्रों की आधारशिला भी रखी।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह में भी आज भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ इक्यावनवीं जयंती के अवसर पर डॉ. बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में मुख्य

समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उपराज्यपाल ने पीएम जन–मन योजना, स्वास्थ्य सेवाओं,, बैंकिंग और के वाई सी, मत्स्य पालन, कृषि, सामाजिक कल्याण और आधार शिविर का जायजा लिया। इस दौरान विभिन्न जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों ने उपराज्यपाल को स्मृति चिह्न भेंट किए। उपराज्यपाल ने जनजातीय लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड और बच्चों के लिए अध्ययन सामग्री वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में जनजातीय समुदाय के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

बाईट–उपराज्यपाल–38 से0

इसके बाद डॉ. दिनेश शर्मा ने वनवासी कल्याण आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय की ओर से हैडो जेट्टी के यात्री प्रतीक्षा कक्ष में अंडमान निकोबार एम्पोरियम सागरिका आउटलेट स्थापित किया गया है। इस आउटलेट का उद्घाटन द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा कल शाम तीन बजे करेंगे। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से आयोजित 'अंडमान निकोबार स्टेट रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप का आज समापन हो गया। दो दिवसीय इस चैंपियनशिप का उद्घाटन कल गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या, अर्चना सिंह ने किया। यह चैंपियनशिप दो प्रारूपों– रैपिड और ब्लिट्ज में खेला गया। समापन अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे ने विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफियां और पदक प्रदान किए। इसके अलावा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिताओं में द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><><>

रामनगर ब्लू फ्लैग समुद्र तट पर आयोजित दो दिवसीय 'आइलैंड बीच गेम्स' का आज समापन हो गया। समापन अवसर पर आज रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर और 100 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समारोह के अंत में अतिथियों ने विजेताओं और प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

<><><><><><><><>

अंडमान सांस्कृतिक महोत्सव का पहला संस्करण कल आयोजित किया गया। इस महोत्सव में द्वीपसमूह के स्थानीय कलाकारों सहित देश के नौ राज्यों

और केंद्र शासित प्रदेशों के 60 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 'डिस्कवर अंडमान हॉलिडेज प्रा. लि.' द्वारा 'राम सेतु वर्ल्ड' के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव ने कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, आटो के अध्यक्ष एम. विनोद ने द्वीपसमूह में सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने में सांस्कृतिक आयोजनों की क्षमता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>